THE Morgan Code

“सही तरीके से, सुरक्षित और नैतिक रूप से व्यापार करना, हमारी व्यापार पद्धति का बुनियादी आधार है। Morgan के लिए यह शीर्ष प्राथमिकता है”।

**पीट रैबी (Pete Raby)**
Chief Executive Officer



THE Morgan Code

## प्रयोज्यता और प्रश्न

**Morgan संहिता** Morgan के सभी कर्मचारियों और इसकी बहुसंख्यक स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों और साथ ही सलाहकारों, एजेंट और ठेकेदारों पर लागू होती है, जो हमारे लिए काम करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि संयुक्त उद्यमों केसभी कर्मचारी, उप-ठेकेदार और आपूर्तिकर्ता उन समान मानकों को बनाए रखेंगे, जो Morgan संहिता में निर्धारित किए गए हैं।
अगर आपके कोई प्रश्न हैं या Morgan की संहिता केउल्लंघन पर कोई चिंता है, तो अपने प्रबंधक, हमारे मानव संसाधन विभाग, या नैतिकता और अनुपालन विभाग से संपर्क करें - https://morgan.integrityline.org/

अरग आपको गोपनीयता केबारे में चिंता है, तो इस मुदे रप Morgan नैतिकता व अनुपालन हॉटलाइन केमाधयम से - https://morgan.integrityline.org/ या स्थानीय रूप से उपलब्ध फ़ोन नंबरों द्वारा कार्रवाई करें।

www.morganadvancedmaterials.com/themorgancode

सुरक्षित व नैतिक रूप से काम करना

05/2018 - ENG

THE Morgan Code

सुरक्षित व नैतिक रूप से काम करना



Morgan Advanced Materials

# भूमिका

Morgan के नेतृत्व व्यवहार के केंद्र ***में हमेशा सुरक्षित और नैतिक रूप से काम करना रहा है,*** और हम Morgan में जो कुछ भी करते हैं, उसके केंद्र में यह लोकाचार अवश्य होना चाहिए।

हमारे कर्मचारियों, आगंतुकों, ग्राहकों और समुदायों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है, और साथ ही व्यापार करने के तरीके के नैतिक मानक भी। हमें नैतिक प्रथा के उच्चतम मानकों के साथ मापा जाता है: हमें अपने समूचे वैश्विक व्यापार में Morgan संहिता का अक्षरशः अनुपालन करना चाहिए और इस तरह काम करना चाहिए कि हमें Morgan का भाग होने पर गर्व महसूस हो।

Morgan संहिता नीतियों और मार्गदर्शन से समर्थित सिद्धांतों का सेट है, जो इसकी रूपरेखा देता है कि हमें किस तरह व्यवहार करना चाहिए। हमारी संहिता और उसकी सहयोगी नीतियाँ हर प्रासंगिक स्थिति या क़ानून की चर्चा नहीं करतीं; इसके बजाय हमें Morgan संहिता की चेतना के अनुरूप कार्रवाई करनी चाहिए और खुद से पूछना चाहिए:

- ➜ क्या यह करना सही है?
- ➜ क्या फ़ैसला करने से पहले मैं दूसरों से सलाह लूँ?
- ➜ **Morgan** से बाहर के किसी व्यक्ति को यह कैसा लगेगा?

Morgan संहिता के सिद्धांत चार क्षेत्रों में आते हैं

- ➜ सुरक्षित रूप से काम करना
- ➜ नैतिक रूप से काम करना
- ➜ हमारे लोगों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना
- ➜ हमारे व्यापार की रक्षा करना।

## हमेशा सुरक्षित रूप से काम करना

### स्वास्थ्य और सुरक्षा बुनियादी बातें हैं

हमारा मानना है कि सभी मृत्यु, चोटों और पेशे-संबंधी बीमारियों की रोकथाम की जा सकती है। Morgan इस लक्ष्य के प्रति समर्पित है कि हमारी साइट पर आने वाले सभी कर्मचारी, ठेकेदार और आगंतुक हर रोज़ सुरक्षित और स्वस्थ रूप में घर वापस जाएँ। हमारा अपने संगठन के भीतर शून्य क्षति का लक्ष्य है और हम इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए अपनी सुरक्षा प्रथाओं और कार्य-निष्पादन में सुधार करने के लिए हमारे think**SAFE** प्रोग्राम का उपयोग करते हैं। हम न्यूनतम मानक के रूप में सभी संबंधित स्वास्थ्य और सुरक्षा विधानों, विनियमों और अन्य लागू क़ानूनी अपेक्षाओं का अनुपालन करेंगे और हर साइट पर सर्वोत्तम वैश्विक प्रथा लाना चाहेंगे।

### हम उस वातावरण की रक्षा करते हैं, जिसमें हम रहते हैं

हम वातावरण की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। Morgan अपने व्यापारिक फ़ैसलों में पर्यावरण संबंधी प्रभाव को शामिल करती है, कुशलता प्रोग्राम को बढ़ावा देती है और अपने संचालनों के पर्यावरण संबंधी प्रभाव को न्यूनतम करना चाहती है और उन साइट और समुदायों के पर्यावरण की रक्षा करती है, जहाँ हम संचालन करते हैं। हम पर्यावरण से सभी संबंधित विधानों, विनियमों और लागू होने वाली अन्य क़ानूनी अपेक्षाओं का पालन करते हैं, जहाँ उपयुक्त हो वहाँ उच्चतर मानक स्थापित करते हैं, और जहाँ संभव हो वहाँ सकारात्मक भूमिका निभाने की कोशिश करते हैं।

## हमेशा नैतिक रूप से काम करना

### हम क़ानून का पालन करते हैं

Morgan और इसके कर्मचारी दुनिया भर में अनेक देशों के क़ानूनों, विनियमों और कर प्रणालियों के अधीन होते हैं, जिनमें हम संचालन करते हैं। हमारी स्थिति स्पष्ट है: हम हर जगह क़ानून का पालन करते हैं। क़ानून के तीन क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है:

- **प्रतिस्पर्धा क़ानून**

  हम लागू होने वाले सभी प्रतिस्पर्धा और न्यास-रोधी क़ानूनों का पालन करते हैं। ये क़ानून ऐसी व्यापार व्यवस्थाओं को प्रतिबंधित करते हैं, जो मुक्त और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को सीमित करते हैं।
- **व्यापार नियंत्रण**

  हम मान्यता-प्राप्त प्राधिकरणों से जारी व्यापार प्रतिबंधों और अन्य प्रतिबंधों का अनुपालन करते हैं। हम राष्ट्रीय सीमा के पार जहाँ भी Morgan के उत्पाद, सेवाएँ या तकनीकी ज्ञान भेजते हैं, वहाँ हम सुनिश्चित करते हैं कि निर्यात संबंधित क़ानूनों के अनुपालन में हो।
- **कर अपवंचन**

  हम Morgan से संबंधित किसी पक्ष द्वारा आपराधिक कर अपवंचन को सुगम नहीं बनाते, जिसमें व्यक्ति, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक शामिल हैं।

### हम रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार नहीं करते

हम Morgan से संबंधित किसी पक्ष द्वारा आपराधिक कर अपवंचन को सुगम नहीं बनाते, जिसमें व्यक्ति, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक शामिल हैं।

### हम रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार नहीं करते

हम अधिकारियों को रिश्वत नहीं देते या भ्रष्टाचार में शामिल नहीं होते। रिश्वत किसी मूल्यवान वस्तु को देना या प्राप्त करना होता है, जिसका इरादा हमारे व्यापार के संचालन में अनुचित लाभ लेना होता है। इसमें मध्यस्थ का उपयोग करना शामिल होता है और नगदी, उपहार, सुविधा भुगतान, किकबैक, एहसान, जॉब की पेशकश, मनोरंजन या अन्य लाभ जैसी कोई भी मूल्यवान वस्तु शामिल होती है। भ्रष्टाचार में रिश्वतखोरी शामिल होती है और इसका विस्तार धोखाधड़ी, कपट, धन-शोधन, माफिया और इनके समान कार्रवाइयों तक होता है। उपहार व आतिथ्य, दान, प्रायोजन और सरकारी अधिकारियों के साथ लेन-देन के संबंध में Morgan के विशिष्ट नियम हैं।

### हम नैतिक रूप से व्यापार और प्रतिस्पर्धा करते हैं

हम आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और प्रतिस्पर्धियों के साथ अपने पारस्परिक क्रियाओं में नैतिक रूप से व्यवहार करते हैं। ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ, हम लंबी अवधि के संबंध बनाना चाहते हैं, जिसके केंद्र में विश्वास होता है: इसमें अपने संप्रेषण में सच्चा होना, और भुगतान की सहमति की शर्तों पर कायम रहना शामिल है। बाज़ारस्थल में, हम निष्पक्ष रूप से विज्ञापन, मार्केटिंग और बिक्री करते हैं, और कोई ग़लतबयानी नहीं करते। हम ऐसी प्रतिस्पर्धात्मक खुफिया जानकारी को पढ़ते, उपयोग या प्राप्त नहीं करते, जिसे हमें नहीं करना चाहिए। हम यह सुनिश्चित करने की माँग करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता ज़िम्मेदार ढंग से संचालन करें, कि उनके कर्मी सुरक्षित रहें और उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार हो और सोर्सिंग की प्रक्रिया के दौरान पर्यावरण-संबंधी और सामाजिक प्रभावों पर विचार किया जाए।

## हमारे लोगों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना

### हमारा विश्वास समान अवसर रोज़गार में है

हमारा मानना है कि हर व्यक्ति को एकमाल रूप से व्यक्तिगत योग्यता और योगदान के आधार पर रोज़गार और तरक्की दी जानी चाहिए। हम किसी व्यक्ति के खिलाफ़ भेदभाव की अनुमति नहीं देंगे और उम्मीद करेंगे कि हमारे लिए और हमारे साथ काम करने वाले सभी व्यक्ति उस रूप में कार्रवाई करेंगे, जो निष्पक्षता और समान अवसर की हमारी भावना के साथ संगत हो।

### हम उत्पीड़न, भेदभाव या ज़ोर-ज़बर्दस्ती को बर्दाश्त नहीं करते

हम ऐसे कार्य-स्थल के प्रति प्रतिबद्ध हैं, जो किसी भी रूप में उत्पीड़न, भेदभाव और ज़ोर-ज़बर्दस्ती से मुक्त है और हमारे लोगों, और उन लोगों को अपनी अधिकतम क्षमता तक संचालन करने में सक्षम करे, जो हमारे साथ या हमारे लिए काम करते हैं। हम कार्य-स्थल पर हिंसा या हिंसा की धमकियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## हमारे व्यापार की रक्षा करना

### हम कंपनी की संपत्ति की रक्षा करते हैं

हम Morgan की संपत्ति और संपदा की सुरक्षा और रक्षा करने के लिए ज़िम्मेदार हैं, जिनमें हमारी साइट, मशीनें, कंप्यूटर, बौद्धिक संपदा, जानकारी, व्यापार के अवसर और निधियाँ शामिल हैं। हम अपनी गोपनीय जानकारी की रक्षा करके Morgan के भविष्य की सुरक्षा करते हैं; वह जानकारी जो Morgan से संबंधित है और वह जानकारी भी जिसे दूसरों ने हमें सुपुर्द किया है। हमारे शोध व विकास और निर्माण-संबंधी ज्ञान के संबंध में विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए।

### हम उचित व्यापार रिकॉर्ड रखते हैं

Morgan के कार्य निष्पादन को समझने और सुधार संचालित करने के लिए हमारे वित्तीय रिकॉर्ड की सटीकता महत्वपूर्ण है। हम उचित और पूर्ण व्यापार रिकॉर्ड बनाए रखते हैं और अपने सभी लेन-देन का हिसाब रखते हैं, और सुनिश्चित करते हैं कि ये हमारे व्यापार को ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से प्रतिबिंबित करें। हम दस्तावेज़ों, खातों या रिकॉर्ड को बदलते नहीं, नष्ट नहीं करते, छिपाते नहीं या हेराफेरी नहीं करते हैं।

### हम ज़िम्मेदारी से अनुबंध करते हैं

हम जोखिम और पुरस्कार में संतुलन सहित यह सुनिश्चित करते हुए ज़िम्मेदार ढंग से अनुबंध संपन्न करते हैं कि हम उन प्रतिबद्धताओं को पूरा करें, जिन पर हम हस्ताक्षर करते हैं। हम अपने देनदारी एक्सपोज़र का प्रबंध Morgan की क़ानूनी नीति के अनुसार करते हैं।

Morgan
Advanced Materials